## एक नजर

### भेलवा टुगड़ी मेला आज

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत आज रविवार के दिन भेलवा टुगड़ी लेगाहातू (कलुवाडीह) में टुसू मेला का आयोजन किया गया है। मेला को भव्य बनाने हेतु विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। मेला का मुख्य आकर्षण टुसू प्रदर्शनी, पाता नाच, महिला फुटबॉल खेल, मुर्गा लड़ाई, पुरुष फुटबॉल खेल, लड़कियों की बीच कबड्डी, क्रिकेट खेल इत्यादि का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी कमेटी के सदस्य सुभाष कुमार महतो ने दी।

### विधायक ने किया अस्पताल निर्माण कार्य का शिलान्यास

**खूंटी।** मुरहू प्रखंड के चमरा टोली में शनिवार को ब्लॉक पब्लिक यूनिक हेल्थ हॉस्पिटल का उद्घाटन खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा नें किया। इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक ढंग से नृत्य-गीत के साथ उनका स्वागत किया। विधायक ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर अस्पताल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि वेअपने 25 वर्षों के कार्यकाल में हमेश खूंटी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जब वे राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री थे, उस समय जितना विकास काम खूंटी जिले में हुआ, उतना किसी क्षेत्र का नहीं हुआ। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वेआने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मजबूत बनायें।

### फुटकलटोली के एक कुएं से मिला युवक का शव

**रातू।** थाना क्षेत्र के फुटकलटोली पंचायत भवन के समीप कुएं से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। कुआं फुटकलटोली निवासी मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल मालदा निवासी मोहम्मद कलाम के रूप में हुई। वह फिलहाल फुटकलटोली में किराये के मकान में सपरिवार रहता था। पेशे से वह राजमिस्त्री का काम करता था। पत्नी भी रेजा का काम करती है। परिजनों के मुताबिक कलाम 13 अगस्त से ही लापता था। परिजन काफी खोज बीन किये परन्तु उसका कुछ पता नही चल पाया था। फुटकलटोली निवासी छुनकु मुंडा के खेत मे बना कुंआ में शव मिलने की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंची व काफी मसक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला।

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में भोग का किया गया वितरण

**रांची।** शनिवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर,भुताहा तालाब में प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार भी भोग वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष मिश्रा के द्वारा भोग लगाया गया। मुख्य संरक्षक किशोर साहू के द्वारा पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण मंदिर में भीड़ लगे भक्तों के बीच किया गया।इसमें खिचड़ी, अचार, चिप्स, हलवा आदि थे। श्री चैती दुर्गा मंदिर के मुख्य संरक्षक किशोर साहू के द्वारा भुताहा तलाब में 301 पैकेट दिया बाटा गया जिसमें 21 दिए, तेल,माचिस, अगरबत्ती एवं बत्ती दिए गए।

# खूंटी से अयोध्या गये कारसेवकों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

विहिप खूंटी नगर की ओर से शनिवार को खूंटी क्लब परिसर में समारोह का आयोजन कर 1990 और 1992 में राम कार्य के लिए अयोध्या गए खूंटी जिले के कारसेवकों को सम्मानित किया गया। विहिप के नगर अध्यक्ष मुकेश जायसवाल की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में कारसेवकों का पैर पखारा गया और भगवा अंगवस्त्र और सम्मान पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मान पानेवाले विहिप और बजरंग दल से जुड़े कारसेवकों में अधिवक्ता भोलानंद तिवारी, मदन मोहन गुप्ता, ज्योतिष भगत, अधिवक्ता रासबिहारी चौधरी, बाल गोविंद सिंह, गोपाल चौधरी, अजीत जायसवाल, संतोष जायसवाल, समेत अन्य कारसेवक शामिल हैं। 1992 के बाद पहली बार राम मंदिर के लिए एक जगह इकट्ठा हुए कारसेवक कार्यक्रम में गूंज रहे रामलल्ला के उद्घोषों से भावुक हो गए। कहा कि आज देश बदल गया है यह देखकर वे अभिभूत हैं। कार सेवकों ने छह दिसंबर 1992 के बाबरी मस्जिद विध्वंस में शामिल अपने अनुभव साझा किए। मदन मोहन गुप्ता, भोलानंद तिवारी और ज्योतिष भगत ने बताया कि 1990 और 92 में पूरे उत्साह और जोश के साथ खूंटी से 1360 कारसेवक अयोध्या पहुंचे थे। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद खूंटी के कारसेवकों का हौसला बुलंद था और अपने रामजन्मभूमि के अधिकार के लिए कुछ भी करने का जज्बा था। बड़ों के साथ कई 18-19 वर्ष के कारसेवकों में भी जबरदस्त जुनून था। पूरे देश में डर के माहौल के बीच बाबरी मस्जिद गिराने और रामलला को पुनर्स्थापित करने का जोश एक एक कारसेवक में दिख रहा था। कहा गया कि छह दिसंबर 1992 की घटना नहीं घटती तो 22 जनवरी 2024 का दिन देखने को नहीं मिलता। उन्होंने विशेष रूप से पीएम नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और सभी साधु संतों और कारसेवकों का धन्यवाद किया और कहा कि बहुत से कारसेवकों का सपना था कि अयोध्या में राममंदिर बने लेकिन वे आज इस गौरवपूर्ण क्षण को देखने के लिए नहीं रहे। आज हम सभी भाग्यशाली हैं कि छह दिसंबर 1992 को भी हम कारसेवक की भूमिका में थे और आज भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान भी अपनी आंखों से देखने का सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं।

# कठोर धार्मिक साधना से सभी बुराइयों का हो जाता नाश : स्वामी प्रमोद



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी जिला संतमत सत्संग के तत्वावधान में महर्षि मेंही आश्रम मलियादा में शनिवार से आयोजित दो दिवसीय सत्संग के प्रथम दिन भागलपुर के स्वामी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि पुत्र, स्त्री और संपत्ति पापी व्यक्ति को भी मिल सकते हैं, लेकिन संत समागम और हरिकथा दुर्लभ है। हमारी इंद्रियां सभी माया और बुराइयों की तरफ आकृष्ट होती हैं, इंद्रियों का सरदार मन होता है, जो भटकता रहता है। इसी को साधने की क्रिया सत्संग में सद्गुरु बताते हैं। उन्होंने इससे आवागमन के चक्र से मुक्ति मिल जाती है। स्वामी डॉ विवेकानंद जी महाराज ने कहा कि जप-तप यानी गुरु भक्ति और कठोर धार्मिक साधना से जीवन में सभी बुराइयों का नाश हो जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने भी सत्संग में पहुंचकर संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया और सत्संग सुना। स्वामी लक्ष्मण बाबा, स्वामी वैष्णोवानंद, स्वामी जयकुमार, स्वामी नरेन्द्र, स्वामी सत्यानंद बाबा और स्वामी राजेंद्र बाबा ने भी सत्संग के गुणों का बखान बड़ी खूबसूरती से किया।

## न्यूज बॉक्स

### 22 जनवरी को निर्माणाधीन राम मंदिर में महिला समिति ने राम उत्सव मनाने का लिया निर्णय




**सिल्ली।** रांची पुरुलिया रोड मुरी काशीडीह में तुलसीपोखर के समीप निमार्णाधीन राम मन्दिर प्रांगण में भी 22 जनवरी को मुरी कांशीडीह की महिला समितियों की अगुवाई में राम दरबार उत्सव मनाया जायेगा। इसको लेकर महिलाएं काफी उत्साहित हैं। इस संदर्भ में महिलाओ ने अपने अपने घरों से दीया के साथ निमार्णाधीन मन्दिर पहुँच कर मन्दिर को दीपो से जगमग करने का निर्णय लिया है। वहीं अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर मन्दिर प्रांगण में संध्या पांच बजे से सात बजे तक बंगाल के कीर्तन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया जायेगा, तत्पचात रात्रि नौ बजे तक रामायण पाठ के आयोजन के बाद श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग व महा प्रसाद का वितरण किया जायेगा। महिलाओ ने आस पास के बड़े बुजुर्ग समेत महिला, पुरुष को इस पावन अवसर पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### महिलाओं ने नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व कलश यात्रा निकाली



**मुरी।** मुरी ओपी थाना में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व शनिवार को महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा के पूर्व उपरोहित के द्वारा पूरी विधि विधान से एवं मंत्र उच्चारण के साथ स्वर्णरेखा नदी घाट में पूजा पाठ करवाया गया तत्पश्चात महिलाएं नदी से कलश में जल भर कर पैदल थाना परिसर के नवनिर्मित शिव मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में पुरुष, महिलाएं, वृद्ध, बुजुर्ग एवं बच्चे शामिल थे। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं पीली वस्त्र धारण की हुई थी तथा जयकारा लगाते हुए पैदल चल रही थी। जयकारा लगने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। ज्ञात रहे की वही अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर आज थाना परिसर में नवनिर्मित मंदिर में भी विधिवत पूजा पाठ कर प्राण प्रतिष्ठा कराया जाएगा। कलश यात्रा में थाना प्रभारी विपुल कुमार ओझा, अवर निरीक्षक रंजीत कुमार, सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन, मुन्ना सिंह, रितेश वर्मा जनार्दन मंडल, संजीव कुमार, उमेश तिवारी, अजीत प्रसाद, अर्जुन उरांव, इंद्रदेव सिंह, काजल कुमारी, बबीता देवी, सरिता देवी, मलिका देवी, शांति देवी समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

### ब्राइट फ्यूचर स्कूल में वार्षिकोत्सव



**मांडर।** ब्राइट फ्यूचर स्कूल, ब्रांबे में शनिवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन विद्यालय के छोटे बच्चों के नन्हे हाथों से द्वीप प्रज्वलित कर कराया गया ।छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।फिल्मी नृत्य, क्षेत्रीय नाटक, हास्य नाटक, कला स्किल , नृत्य, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में नाटक एवं तरह तरह के डांस आसामी, गुजराती, बंगाली एवम अन्य भाषाओं में प्रस्तुत किया गया। पूर्व में विधालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल होने वाले विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार का वितरण लिटिल मांटेसरी स्कूल रातु के निदेशक राजकुमार महतो एवं समाजसेवीकैलाश प्रसाद के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा के साथ-साथ सभी प्रकार के गतिविधियों जैसे सांस्कृतिक ,में भाग लेना अति आवश्यक है। इस अवसर पर कार्यक्रम में बच्चों को पारितोषिक दिया गया एवं सभी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। अधिक संख्या में अभिभावाकगण मौजूद थे। इस समारोह का मंच संचालन रश्मि कुमारी एवं वर्षा कुमारी के द्वारा किया गया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक राजेश प्रसाद, शशांक शेखर, बिमला पौराणिक, विजय सिंह ओमप्रकाश सर एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### शैक्षणिक भ्रमण पर संत अन्ना विद्यालय के विद्यार्थी रवाना



**मांडर।** तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर संत अन्ना इंटर कॉलेज के स्टूडेंट्स शनिवार को राष्ट्रीय जैविक उद्यान बेतला के लिए रवाना हो गए। कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक सईद अख्तर के अनुसार टीम में 33 स्टूडेंट्स और 5 कॉलेज स्टाफ है।जो अगले तीन दिनों तक बेतला और और आस पास के ऐतिहासिक क्षेत्रों का शैक्षणिक भ्रमण करेंगे ।शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन द वाइल्ड लेन्स राँची की डायरेक्टर बर्षा दुबे के सहयोग से वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग राँची के द्वारा किया जा रहा है।शैक्षणिक भ्रमण के दौरान स्टाइडेंट्स बेतला पार्क का भ्रमण के दौरान जंगल में आग, उसके बचाव और उससे हानि विषय पर विशेष जानकारी प्राप्त करेंगे।मौके पर प्राचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप,शिक्षक प्रतिनिधि अनिल खलखो , विजय कुजूर, अंजलि तिर्की, रश्मि रुंडा सहित अन्य मौजूद थे।

# मीडिया इलेवन व हिंडाल्को इलेवन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

हिंडाल्को कम्पनी के 75 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को मुरी स्थित हिंडाल्को मैदान में मीडिया इलेवन एवं हिंडाल्को इलेवन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। हिंडाल्को के अधिकारी गौरी शंकर, नलिन कुमार, अभिषेक कुमार, अनिल कुमार एवं यूनियन के केशव महतो उपेंद्र महतो राजेश गोस्वामी प्रभात कुमार आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मिडिया इलेवन ने टॉस जितकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12.3 ओभर में 6 विकेट खोकर 105 रन बनाए। वहीं हिंडाल्को इलेवन ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 11वें ओभर मे 5 विकेट खोकर ही मैच जीत कर विजेता बना। मिडिया इलेवन के खिलाड़ी सुमित रंजन को अच्छी खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हिंडाल्को के रोहित चौरसिया ने कहा कि हिंडालको के 75 वें वर्ष पुर्ण होने के उपलक्ष आयोजित इस मैच में 75 बोल यानी 12.03 ओवर का मैच आयोजित किया गया। एच आर हेड अरुण कुमार रॉय ने सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। हिंडालको प्रबंधन की ओर से रोहित चौरसिया, अनिल सिंह, गौरी शंकर, नवनीत श्रीवास्तव, श्याम कुमार, कौशल राय, सुरेश महतो, प्रभात महतो, अतुल श्रीवास्तव मौजूद थे। हिंडाल्को प्रबंधन की ओर से सभी खिलाड़ियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भरत सिंह, विष्णु चरण गिरी, कमलेश महतो, जनक महतो, ओमप्रकाश सिंह , भुनेश्वर महतो,अनूप महतो, तुलसी महतो, कमलेश दुबे, रमाकांत विश्वकर्मा, विजय नंदन प्रसाद, तारकेश्वर महतो, दिनेश बनर्जी, प्रवीण पांडे, गुड्डु कुमार,राजू पांडे, संदीप पाठक समेत मीडिया कर्मी एवं हिंडालको कर्मी उपस्थित थे।

# 30 जनवरी को पड़हा मैदान बारीडीह में लगेगा किसान मेला



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड स्थित बारीडीह गांव के पड़हा मैदान में शुक्रवार को किसानों व ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसमें राम कृष्ण मिशन के तत्वावधान में आगामी 30 जनवरी को पड़हा मैदान बारीडीह में होनेवाले किसान मेला को सफल बनाने के लिए व्यापक विचार विमर्श किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इसमें कृषि कार्यों से जुड़े विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही मेला में राज्य के लोककलाकार , खोड़हा दल, साहित्यकार व विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भाग लेंगे। मौके पर धनंजय कुमार रॉय, घनश्याम उरांव, सोमरा उरांव, विनोद उरांव, प्रदीप महतो, विश्वनाथ उरांव, महेश भगत, सोमा उरांव, ईश्वर गोप व गोवर्धन आदि मौजूद थे।

# झारखंड राज्य खाद्य आयोग का वार्षिक समारोह पर सम्मानित हुए कई मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** अपने-अपने पंचायत में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के क्रियान्वयन और निगरानी में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी मुखियाओं को शनिवार को सम्मानित किया गया। झारखंड राज्य खाद्य आयोग की ओर से डोरंडा स्थित जैप-1 ऑडिटोरियम में वार्षिक समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यअतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने जिला में बेहतर कार्य करने वाले मुखियाओं को सम्मानित किया। इसके अलावा जिला में बेहतर काम करने वाले अपर समाहर्ता सह जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी, डीजीआरओ को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि भोजन का अधिकार हर किसी को संवैधानिक रूप से प्राप्त है। हर सरकार का यह दायित्व है कि वे अपने राज्य के गरीब जनता को बेहतर पोषण दे। इसी उद्देश्य के लिए खाद्य आयोग का गठन हुआ है। आयोग अपने संसाधनों और सीमाओं को जानता है। इसीलिए सभी तक अपनी पहुंच बनाने के लिए मुखिया संवाद कार्यक्रम शुरू किया गया।

**पुरस्कृत मुखिया :** तमाल मंडल, उद्वा प्रखंड साहेबगंज- मैं अपने क्षेत्र में सभी के लिए एक समान कार्य करता हूं। पीएम मात्री वंदना योजना के लिए काफी कम समय में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कराया। इसके साथ आम लोगों के लिए आकस्मिक खाद्य कोष बनाया। अभिराम हेम्ब्रम, पंचायत चिमटिया प्रखंड ईचागढ़ सरायकेला- राशन की समस्या पर डीलरों के साथ त्वरित संपर्क कर समाधान करने को लेकर मुझे पुरस्कृत किया गया है। अपने क्षेत्र में समस्या पर मासिक बैठक कर पूरी रिपोर्ट तैयार कर इसका समाधान करता रहा हूं।

### अंजुमन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

# उर्दू व अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय हुआ तो सरकार के विरुद्ध सड़क पर उतरेंगे : जफर इमाम




**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान में शनिवार को मांडर प्रखण्ड अंजुमन कमिटि के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन मुड़मा स्थित मदरसा महमुदिया के प्रांगण में किया गया। समारोह में अंजुमन के अध्यक्ष नुरुल्लाह हबीब नदवी,उपाध्यक्ष माशूक अली, सचिव अफरोज अंसारी, उपसचिव अमानत अंसारी, कोषाध्यक्ष मौलाना एनामुल हक अंसारी एवं सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री भगत ने समाजिक समरसता एवं सामंजस्य, आदिवासियों एवं मुस्लिमों में आपसी एकता पर बल दिया। आपके लिए हर संभव प्रयास करते हुए हमेशा उपलब्ध रहूंगा और जनता की सेवा करता रहूंगा। जफर इमाम ने कहा कि उर्दू व अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय हुआ तो सरकार के विरुद्ध सड़क पर उतरेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रांची जिला मोमिन कांफ्रेंस के जिला महासचिव सह प्रवक्ता जफर इमाम अंसारी ने झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा इंटरमीडिएट प्रशिक्षित एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक एवं उर्दू सहायक शिक्षक के पद को मरणशील संवर्ग करने का विरोध करते इसे वापस लेने की माँग की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उर्दू के 37012 पदों को भरने के बजाए उसे सरेन्डर करने की तैयारी में लगी हुई है,जो उर्दू भाषियों के साथ अन्याय है।

## प्राचीन हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

# श्रद्धालुओं में देखा गया उत्साह का माहौल



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग थाना चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर व राय टोली में नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं कलश यात्रा में शामिल हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो थाना चौक स्थित पुराने हनुमान मंदिर का हाल ही में श्रद्धालुओं द्वारा जीर्णोंद्धार कराया गया है। पुराने मंदिर के स्थान पर नया और भव्य मंदिर निर्मित होने के बाद इसमें प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा निकाली गई। इसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। 22 जनवरी तक चलने वाले इन कार्यक्रमों के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में भक्तजन कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा हनुमान मंदिर थाना चौक से प्रारंभ हुई। जहां अपने सिर पर कलश सजाए सैकड़ों महिलाओं ने इसमें भाग लिया। इस दौरान पूरा लापुंग भगवान राम और हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा। कलश यात्रा लालगंज नदी पहुंचने के बाद यहां से जल लेकर पुनः शोभायात्रा हनुमान मंदिर थाना चौक पहुंची जहां पुजारी द्वारा कलशों को स्थापित किया गया। इसके बाद से ही मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम प्रारंभ हो गए है। इसे लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजा दिया गया है। वहीं पूरे लापुंग को हनुमान ध्वजों की श्रृंखला से सजाया गया है। भक्तजनों ने बताया कि 21 जनवरी को सर्ववेदी पुजन अखंड हरि कीर्तन व हवन पुजन व मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। 22 जनवरी को मंदिर में प्रतिमा का विधिवत प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। इस अवसर पर यहां भंडारा का भी आयोजन होगा।मौके पर आचार्य राजकुमार पाठक, राजेश पाठक, यशपाल साहु, योगेश्वर साहु, मनोज साहु, विनोद जयसवाल, रामप्रसाद साहु, सचिन राय समेत हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।

### मारवाड़ी महाविद्यालय विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रांची।** मारवाड़ी महाविद्यालय जंतु विज्ञान विभाग के सेमेस्टर-1 और सेमेस्टर-2 के छात्र छात्राओ ने जैविक उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण किया। साथ ही साथ विधार्थियों ने तितली पार्क और मछली घर भी देखा। मुख्य जू बॉयलोजिस्ट विवेकानन्द कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को चिड़िया घर में रहने वाले जीवों और विशेषकर साँपो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चिडिया घर के पुस्तकालय सह सभागार में एक घंटे का सत्र चला। इसके बाद आई. एफ. एस जब्बर सिंह ने छात्रो को संबोधित किया। उन्होंने भविष्य में भी हर प्रकार को सहायता आश्वासन दिया। सभी छत्र उनसे मिलकर काफी प्रेरित हुए। सीनियर जू बॉयलोजिस्ट के साथ - छात्राओ ने चिड़ियाघर का भ्रमण किया, जहाँ उन्हें जानवारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया कि इस टूर का उद्देश्य छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टि से वन्य जीवों को समझने के लिए था। इसमे प्राणी विज्ञान विभाग की ओर से डॉ शाइनी कच्छप, शाहीन राजिया, दीपशिखा समदर्शी, सामएल टोपनो और सोनी देवी मौजूद थे।

# खस्सी के नाम पर बकरी कटी तो लगेगा 50 हजार रुपए का जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो के साप्ताहिक बाजार टांड स्थित आफिस कार्यलय में शनिवार को खस्सी दुकानदारों के साथ समिति के पदाधिकारियों ने बैठक किया। बैठक में बेड़ो बाजार समिति के पदाधिकारियों के साथ शिवसेना के मांडर विधानसभा प्रभारी एतवा लोहरा समेत कई लोग मौजूद थे। इस दौरान बेड़ो बाजार समिति के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि किसी भी हाल में बेड़ो बाजार में खस्सी के नाम पर बकरी नहीं काटा जाएगा। अगर किसी भी दुकानदारों ने समिति के द्वारा लिए गए निर्णय को नही मानते हैं और गलत करते पकड़े गए तो उन दुकानदारों पर समिति के द्वारा 50 हजार रूपए का जुमार्ना लगाया जाएगा। इसके अलावा वैसे दुकानदार को बेड़ो बाजार से भविष्यकृत किया जाएगा। इसके अलावा शिवसेना के मांडर विधानसभा प्रभारी एतवा लोहरा ने 22 जनवरी राम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन संपूर्ण बेड़ो बाजार में मांस मछली के बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध रखा है। मौके पर बेड़ो बाजार समिति के राम बड़ाईक, किशन बडाईक समेत कई लोग मौजूद थे।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग
–:: निविदा रद्द संबंधी सूचना ::–

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Construction of 125/115 mm dia with 70m/90m/120 mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on turn-key basis under D.W.&S. Division, Hazaribagh for the Year 2023-24 जिसका P.R. No.:-311012 Drinking Water and Sanitation (23-24)#D है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

PR 316650 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

# राजधानी राममय, हर ओर उत्साह का माहौल

## शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह लहरा रहे भगवा पताके





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला का प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए कई धार्मिक संगठनों द्वारा तैयारियां की जा रही है। लोगों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। हर मंदिर से जुड़े लोग भजन के साथ रामायण की चौपाई और हनुमान चालिसा का पाठ कर रहे हैं। मंदिरों, सड़क, बिजली पोल, चौक-चौराहों और बाजारों में भगवा झंडे और पताका लगाकर भव्य रूप से सजाया गया है। हर तरफ भागवा झंडे से राजधानी राममय हो गया है। आम लोगों के बीच भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा हो रही है। इस मौके पर सभी मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। बहुत से मंदिरों में भगवा तोरणद्वार बनाये गये है। मंदिर को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया है।

### दुकानों में बिक रहे हर साइज के झंडे

राजधानी में जगह जगह भगवा झंडे और पताका का दुकान खुल गये है। दुकानों में छोटे से लेकर बड़े साइज का झंडा मिल रहे है। जिसे रामभक्त बहुत उत्साह के साथ खरीद रहे है। छोटे साइज की झंडे की बिक्री अधिक हो रही है। ये झंडे ज्यादातर लोग अपने बाइक, साईकिल, ठेला और वाहनों में लगा रहे है।



**मंदिरों में गुंज रहे है भजन :** प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में साउंड सिस्टम लगाया गया है। जहाॅ दिन भर भगवान राम और हनुमान के भजन बज रहे है। जिससे मंदिर तथा आसपास का क्षेत्र राममय हो गया है। मंदिरों में उत्सव सा नजारा देखने को मिल रहा है।

**कार्यक्रम को भव्य बनाने में लगे हुए है कई संगठन :** 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए राजधानी के कई संगठन लगे हुए है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा मंदिरों में लगाने के लिए प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित बैनर बांटा जा रहा है।

### सांसद व कई संगठन बांट रहे हैं दीये



**रांची।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर रांची में सांसद और कई संगठनों के जरिए लोगों के बीच दीप बांटे जा रहे हैं। इससे रांची में दीयों की मांग बढ़ गई है। अब मांग को पूरा करने के लिए ग्रामीण इलाकों, हजारीबाग, चतरा, रामगढ़ जिले से दीया मंगवाना पड़ रहा है।रांची सांसद संजय सेठ ने जहां पांच लाख दीप बांटने की घोषणा की है, वहीं राष्ट्रीय युवा शक्ति ने एक लाख दीप बांटने की घोषणा की है। इसे रांची के हर घर तक पहुंचाने की योजना बनायी गयी है। राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव का कहना है कि 22 जनवरी सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत बड़ा दिन है। इसलिए एक लाख दीपक घर-घर वितरित किये जायेंगे। इसके अलावा आम लोग और छोटे-बड़े संगठन भी अपने आसपास के लोगों के बीच दीप बांट रहे हैं। इसलिए मिट्टी के दीयों की मांग काफी बढ़ गई है।मांग बढ़ने से दीयों की कीमत पर असर पड़ना भी स्वाभाविक है। 60 पैसे में मिलने वाला छोटा सा दीया अब दोगुनी कीमत एक रुपये 20 पैसे पर बिक रहा है। इसी प्रकार मध्यम आकार का दीया एक रुपये के स्थान पर दो रुपये तथा बड़ा दीया 10 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है। पुरानी रांची कुम्हारटोली के योगेन्द्र प्रजापति कहते हैं कि एक तो मौसम खराब है, दूसरे जनवरी माह में दीए की इतनी मांग कभी नहीं थी।

## चैती दुर्गा मंदिर में भक्तों के बीच शनिवारी भोग का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुताहा तालाब में भक्तों के बीच शनिवारी भोग का वितरण किया गया। मुख्य संरक्षक किशोर साहू द्वारा पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया है। भक्तों के बीच खिचड़ी, अचार, चिप्स और हलवा बांटा गया। मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक किशोर साहू ने दीप का 301 पैकेट बांटा। जिसमें 21 दीया, तेल, माचिस, अगरबत्ती थे। भक्तों से कहा गया कि सभी 22 को अपने घरों में दीपोत्सव मनाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें। भोग वितरण में रमेश सिंह, शंकर दुबे, संजय सिंह, मुकेश सिंह, सूरज गुप्ता, राहुल सिंह, नमन भारतीय, राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, नमन भारतीय, आयुष वर्मा, यश वर्मा व समीर नायक शामिल थे।

# सड़क दुर्घटना के मृतकों में 86 प्रतिशत दो पहिया चालक : उपायुक्त

### सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर डीसी और एसएसपी ने किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आम लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक कर दुर्घटना से बचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ निकाला गया है। जिसके माध्यम से जिला के सभी प्रखंडों, पंचायतों और बाजारों में लोगों को जागरूक किया जाएगा। शनिवार को डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा व डीटीओ प्रवीण प्रकाश ने समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला एनडीसी केवल कृष्ण अग्रवाल, सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी अधिकारी मौजूद थे। राज्य में 15 जनवरी से 14 फरवरी तक 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस जागरूकता रथ का उद्देश्य सभी प्रखंडों की पंचायतों और गावों में जाकर आमजनों, छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के पति जागरूक करना और लोगों को दुर्घटना से बचना है। मौके पर डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ चलेगा। जो लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक करेगा। कहा कि आज बढ़ती आबादी और शहरीकरण में सड़क सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। डीसी ने विशेष रूप से कहा कि दो पहिया वाहन से 86 प्रतिशत मृत्यु हो रही है। चार पहिया वाहन से 80 प्रतिशत की मृत्यु आवगमन के समय सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण हो रही है। इसलिए कुछ छोटी सावधानियां आपको बड़े शारीरिक नुकसान से बचा सकती है। इसलिए दो पहिया चालक हेलमेट जरूर लगाएं।

## एलएनटी फ्लाईओवर प्रोजेक्ट के कर्मचारियों ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एलएनटी रांची फ्लाईओवर प्रोजेक्ट के कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा अभियान चलाया। अभियान के तहत प्रोजेक्ट के कर्मचारी राजेंद्र चौक से अंबेडकर चौक, मेकॉन चौक होते हुए देवेंद्र माझी चौक तक रैली निकाली।

इस दौरान राहगीरों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गयी। लोगों को हेलमेट पहनकर ही दो पहिया वाहन चलाने की अपील किया गया। सभी को हेलमेट पहनने की सलाह दी गई।

अभियान में एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर तेज बहादुर सिंह, पीपी पाल, संतोष सोनी, पंकज कुमार, हरी प्रसाद, आशुतोष, संदीप सिंह और विनय शामिल थे।

## हटिया बस्ती में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**रांची।** सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर की ओर से अपर हटिया में गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। सोसाइटी की ओर से बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए असहाय, गरीब और जरूरतमंदों की पहचान कर उन तक कंबल पहुंचाया गया। इस सिलसिले में जमात इस्लामी हिंद के सदस्यों ने पांच आदिवासी जरुरतमंद परिवारों को भी बुलाकर कंबल दिए। मौके पर कुल 60 कंबल बांटे गए। कंबल वितरण की शुरुआत मुख्य अतिथि जगरनाथपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने किया।

## श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने ग्रामीणों के बीच बांटा कंबल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से ओरमांझी के सहेदा गांव में ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवं प्रमोद सारस्वत ने संयुक्त रूप से सहेदा गांव में विभिन्न बस्तियों से आये हुए लगभग 145 अभावग्रस्त एवं वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच कंबल, ऊनी मफलर और ऊनी मोजा का वितरण किया। मौके पर नन्द किशोर चौधरी, सज्जन पाडिया, बिष्णु सोनी, मनीष सोनी, पवन पोद्दार, प्रदीप पोद्दार, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, शिवभगवान अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, मोहनलाल खंडेलवाल सहित अन्य शामिल थे।

## श्याम मित्र मंडल ने श्याम मंदिर में भक्तों के बीच किया भंडारा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अयोध्या में रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में श्याम मंदिर में भव्य सजावट की जा रही है। कार्यक्रम के उप संयोजक गौरव अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी को श्याम मंदिर में सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। सुबह 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद बाबा श्याम, बालाजी महाराज एवं शिव परिवार का श्रृंगार किया जाएगा। श्याम बाबा को नवीन वस्त्र पहनाकर कोलकाता के फूलों से सजाया जाएगा। बालाजी महाराज के मंड में केसरिया गेंदा का श्रृंगार किया जाएगा एवं शिव परिवार को विभिन्न फूलों से सजाया जाएगा। श्री श्याम मित्र मंडल के विश्वनाथ नारसरिया व अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान गोपाल साबू और जयश्री साबू के परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डू गोपाल, शालिग्राम, शिव परिवार व हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। भक्तों के बीच भंडारे का वितरण किया गया।

मौके पर पूर्व सांसद अजय मारू, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनौली, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, अनुज मोदी और मनोज बजाज सहित अन्य शामिल थे।

## डीएवी गांधीनगर में राम महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डीएवी गांधीनगर स्कूल एवं रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल में राम महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अथिति के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह शामिल हुए। विशिष्ठ अतिथि स्कूल के प्राचार्य डॉ एस के सिन्हा, डीएवी बरियातू स्कूल के प्राचार्य विनय कुमार पांडेय, रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, राजीव रंजन, डॉ आनंद कुमार ठाकुर, सीमा सिंह, सिंधु बाला, रोमित नारायण सिंह एवं रंजित शाहदेव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बच्चों ने एक साथ एक स्वर में राम आयेंगे गीत गाकर अदभुत समा बांधा। मौके पर ब्रजेश सिन्हा, प्रमोद सहाय, केके प्रसाद, डॉ जया जायसवाल, लक्ष्मी सिन्हा, गोविद झा, सीमा जैन, लक्ष्मी कुमारी, कविता मुखर्जी, श्रुति देशमुख, नमिता कुमारी, रजनी सिंह और अमन कुमार मौजूद थे।

# थोरैसिक और एसोफैगल कैंसर का इलाज अब पारस एचईसी अस्पताल में संभव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
थोरैसिक और फूड पाइप कैंसर का अब रांची में भी नियमित इलाज हो सकता है। पारस एचईसी अस्पताल के डॉ प्रभात कुमार रैना की निगरानी में सर्जरी की सुविधा उपलब्ध मरीजों को मिलेगी। पारस एचईसी अस्पताल आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस में फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार सहित क्रिटिकल केयर विभाग के प्रमुख डॉ शिव अक्षत, मेडिकल ऑनकोलॉजी विभाग के कंसलटेंट डॉ गौरव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंसर सर्जन डॉ प्रभात कुमार रैना की निगरानी में इलाज होगा। डॉ प्रभात कुमार रैना ने बताया कि फेफड़े की यह बीमारी ज्यादातर तंबाकू के सेवन से होता है। इस बीमारी का सर्जरी से इलाज संभव है, जो मरीज को एक सामान्य जीवन दे सकता है। दुनिया भर में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसरों में से एक, फेफड़ों का कैंसर तब विकसित होता है जब वायुमार्ग की कोशिकाओं में असामान्य परिवर्तन होते हैं। जैसे-जैसे असामान्य कोशिकाएं बढ़ती हैं और विभाजित होती हैं, वे एक साथ एकत्रित हो सकती हैं और घातक ट्यूमर बना सकती हैं।

जो संभावित रूप से आस-पास के ऊतकों पर आक्रमण कर सकते हैं। यदि ट्यूमर कोशिकाएं रक्तप्रवाह या लसीका तंत्र में प्रवेश करती हैं, तो फेफड़ों का कैंसर शरीर के दूर-दराज के क्षेत्रों में भी फैल सकता है। फेफड़ों के कैंसर के अधिकांश मामले तंबाकू के धुएं के पिछले संपर्क के कारण पाए जाते हैं। जिसमें जहरीले रसायनों और कार्सिनोजेन्स का एक खतरनाक कॉकटेल होता है। जो संभावित रूप से शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचा सकता है। जो फेफड़ों के कैंसर के विकास का कारण बनते हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए पारस एचईसी अस्पताल के क्रिटिकल केयर विभाग के प्रमुख डॉ शिव अक्षत ने कहा कि इस जटिल सर्जरी में एनेस्थीसिया की टीम के साथ-साथ सर्जिकल और क्रिटिकल केयर की टीम के बेहतर समन्वय के कारण मरीज को एक स्वस्थ जीवन देने में सफलता पाई है। डॉ गौरव कुमार ने मीडिया को बताया कि इस तरह के कैंसर के मरीज ज्यादातर ठीक हो सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चुट्टू महावीर मंदिर में 22 को होगी विशेष पूजा



**रांची।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महावीर मंदिर प्रांगण चुट्टू में कई धार्मिक आयोजन किया जाएगा। 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंदिर संचालन समिति की एक बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को प्रातः पांच बजे से सुबह 11 बजे तक विशेष पूजा होगी। जिसके बाद दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक भक्तों के बीच भंडारे का वितरण किया जाएगा। शाम को साढ़े पांच बजे से आरती किया जाएगा। बैठक के बाद समिति के सदस्यों ने मंदिर सहित आसपास के क्षेत्रों में भगवा झंडा और पताका लगाकर सजाया गया। विशेष पूजा में शामिल होने को लेकर आसपास के क्षेत्र में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से शत्रुघ्न महतो, सुरेश महतो, अविनाश महतो, जयराम महतो, फुलर महतो, राकेश करमाली, राजकुमार मुंडा, जगत मुंडा, महावीर महतो, नंदलाल महतो एवं चुट्टू पंचायत के मुखिया लक्ष्मी देवी उपस्थित थी। उक्त जानकारी महावीर मंडल चुट्ठ के अध्यक्ष प्रतुल मुंडा ने दी। श्री प्रतुल मुंडा ने गांव एवं क्षेत्र के लोगों से अपील किया कि पूजन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले और आपस में सामाजिक सद्भावना तथा एकता बनाये रखें।

### गुरु गोविंद सिंह के 357वें प्रकाश पर्व पर सजा विशेष दीवान



**रांची।** पटना साहिब में प्रकाश पर्व से श्रद्धालुओं के जत्थे के लौटने पर गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में शनिवार को पहला दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वारा आसा दी वार कीर्तन से हुई। उन्होंने तहीं प्रकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो.... एवं वाहो वाहो गोबिंद सिंह जी, कलगियां वाले गोविंद सिंह जी... शबद गायन किया। प्रकाश पर्व में विशेष रूप से दिल्ली से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई प्यारा सिंह एवं साथियों ने शबद गायन कर श्रद्धालुओं को भक्ति के रस में डुबो दिया। श्री आनंद साहब जी के पाठ, गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जिवेन्दर सिंह द्वारा अरदास, हुकमनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति सुबह 10:30 बजे हुई। दीवान समाप्ति के उपरांत साध संगत के लिए नाश्ते का लंगर चलाया गया। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया रविवार को दीवान सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 तक सजेगा एवं इस मौके पर गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। दीवान में अर्जुन देव मिढ़ा, मनीष मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, हरगोविंद सिंह, अशोक गेरा, अमरजीत गिरधर, चरणजीत मुंजाल, वेद प्रकाश मिढ़ा, बिनोद सुखीजा, नानक चंद अरोड़ा, महेंद्र अरोड़ा, सरदार भूपेंद्र सिंह, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर,नीतू किंगर, दुर्गी देवी मिढ़ा, खुशबू मिढ़ा, बिमला मिढ़ा, रजनी तेहरी, इंदु पपनेजा, नीता मिढ़ा, गरिमा पपनेजा एवं मीना गिरधर शामिल हुए।

### हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने मिलकर किया कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन



**रांची।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रांची के मेन रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल टैक्सी स्टैंड में महावीर मंडल के द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस पूजा में सामाजिक सदभावना का संदेश दिया गया। भूमि पूजन हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मिलकर किया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाना हैं। जिसका मुख्य सभी कार्यक्रम संपन्न होगी। भूमि पूजन के अवसर पर संकटमोचन मंदिर के महंत सूर्यनारायण दास त्यागी बाबा, महावीर मंडल के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, अंजुमन इस्लामिया एवं मुहर्रम कमेटी, राइन पंचायत सदर हाजी फिरोज, पूर्व पार्षद मो असलम, अंजुमन हॉस्पिटल के सन्नी खान, डॉ दिलीप सोनी, श्यामा नंद पांडेय, अमित चौधरी, रोहित पांडेय, महेश सोनी, अमित सिंह, बादल सिंह, शंभु प्रसाद, अमन जायसवाल, शैल चंद्रा, यश चंद्रा, समीर सिंह, हाजी हासिम, मो इम्तियाज, लोहा सिंह, अरसद, मो हारून और मो अफरोज शामिल थे।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में हुआ प्रौद्योगिकी विषय पर इंटरैक्टिव सत्र



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर जलतरंग के अंतर्गत इंटरैक्टिव गेस्ट स्पीकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्र के गेस्ट स्पीकर, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र और भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉ. उन्नीकृष्णन नायर और एचएएल के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. राधाकांत पाढ़ी थे। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इसके प्रभाव के बारे में चर्चा की। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस तरह के इंटरैक्टिव सत्र आयोजित करने के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने बच्चों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई तकनीकों के बारे में और अधिक जानने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एक नजर

### बरकट्ठा में झंडोतोलन का समय किया गया निर्धारित

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा में गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर झंडोत्तोलन के लिए समय सारणी तय कर दी गई है। इसकी जानकारी बरकट्ठा बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने दी। बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन सुबह 9 बजे, बरकट्ठा थाना में 9:25 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में 9:40 बजे, गोरहर थाना में 10 बजे तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय बरकट्ठा में 10:30 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा।

### सिविल कोर्ट में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का होगा सीधा प्रसारण

हजारीबाग। सिविल कोर्ट में अधिवक्ता परिषद हजारीबाग के बैनर तले कल 22 जनवरी सोमवार को एलईडी टीवी के माध्यम से अयोध्या में हो रहे श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस संबंध में अधिवक्ता परिषद झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह सिविल कोर्ट हजारीबाग के अधिवक्ता डॉ संतोष पांडे ने बताया कि इसकी तैयारी को लेकर यशवंत सिन्हा विधि भवन को हनुमत झंडे से शनिवार को सजाया गया है। अधिवक्ता परिषद हजारीबाग के जिला न्याय प्रभारी अधिवक्ता अमित मिश्रा ने कहा की प्रसारण दिन के 11 बजे से होगा। इस बाबत सभी अधिवक्ताओं को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के इस सीधा प्रसारण कार्यक्रम में आने का अनुरोध किया गया है। मौके पर हनुमान चालीसा का भी पाठ किया जाएगा।

### वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित हुई प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता

हजारीबाग। कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम मेयातु में प्रखण्ड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा सप्ताह पर किया गया। कार्यक्रम का प्रायोजन झारखण्ड सेवा मंडल के द्वारा हुआ जिसमें प्रखण्ड के साइन पब्लिक स्कूल सुल्ताना , इंदिरा गांधी पब्लिक स्कूल सुल्ताना, राजकीय मध्य विद्यालय, शोभा ज्ञान पब्लिक स्कूल, बनादाग उच्च विद्यालय बानादाग, सुभाष सैनिक हाई स्कूल कटकमदाग, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मेंयातू के बच्चों ने भाग लिया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख कुमारी विनीता अति विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड सेवा मंडल के सचिव सुबोध ओझा सुल्ताना पंचायत उप मुखिया विनय कुमार दुबे वार्ड सदस्य नेहा कुमारी मौजूद रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेलकूद अति आवश्यक है इस क्षेत्र में पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन का यह प्रयास अति सराहनीय है। झारखंड सेवा मंडल के सचिव सुबोध कुमार ओझा ने विवेकांद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके मार्गदर्शन पर आगे बढ़ने की सलाह दी। पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव सुनील कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों में उत्साह बढ़ाने और प्रखंड में छुपी हुई प्रतिभा को आगे लाने के लिए किया जा रहा है।

## आज बड़ा अखाड़ा में होगी भव्य रामलीला के साथ पेंटिंग प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** प्रभु श्री राम प्रेम के लिए मशहूर हजारीबाग के राम भक्तो ने पूरे शहर को राममय बना दिया है। यहां कलाकारों द्वारा 21 जनवरी को स्थानीय बड़ा अखाड़ा में भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी आयु वर्गो के लिए सुबह 11 बजे से रामायण पर आधारित पेंटिंग,फैंसी ड्रेस और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 2 बजे से सभी धर्मप्रेमियों एवं सहयोगियों का सम्मान समारोह ,शाम 4 बजे से संगीत सह भक्ति समूह नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली रामलीला मैदान की तर्ज पर लगभग 80 स्थानीय कलाकारों द्वारा इस रामलीला की तैयारी की गई है। वर्षों बाद आए इस ऐतिहासिक पल को हजारीबाग के सभी नगरवासी कला संस्कृति एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो के माध्यम से प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र को आमजनों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है। आज स्थानीय बड़ा अखाड़ा में सभी कलाकारो का रिहर्सल जारी है। श्री रामलीला कृष्णलीला महासमिति के द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय रामोत्सव में सुबोध आकाश बतौर संयोजक, अध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रामकिशोर सावंत, सचिव विशाल कुमार , कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, मुख्य निर्देशक राकेश गौतम सदस्य शशिकांत सिन्हा, बबलु सिन्हा, मीडिया प्रभारी प्रदीप पाठक एवं संरक्षक हर्ष अजमेरा, विकास कुमार, डॉक्टर अमला राणा, राजीव रंजन मिश्रा मुख्य रूप से समिल्लित होंगे।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की उपायुक्त ने की समीक्षा

## शत-प्रतिशत लोगों को दवा खिलाने के लिए माइक्रो प्लानिंग



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, एसडीसी राजन कुमार ठाकुर, डीएमसी अजीत मिश्रा व नीरज सिंह द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी 2024 तक चलाया जाएगा। जिसके तहत रामगढ़ जिले में 1068687 लोगों को एल्बेंडाजोल एवं डीइसी की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कुल 2392 ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं 131 सुपरवाइजर्स को चयनित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि दिनांक 10 फरवरी 2024 को 1184 बूथों पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाई जाएंगी एवं 11 से 25 फरवरी 2024 तक घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सामुदायिक स्वास्थ केंद्र स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करने, कार्य में लगे सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों आदि के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने फाइलेरिया रोग को लेकर आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### जेबीकेएसएस केंद्रीय कमेटी में जिला समिति के सदस्य हुए शामिल

## केंद्रीय कमेटी का किया आभार व्यक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ के सक्रिय सदस्यों को भी केंद्रीय टीम में शामिल किया गया है। जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो तथा शीर्ष नेतृत्व का इसको लेकर रामगढ़ ज़िला समिति की ओर से आभार व्यक्त किया गया है। रामगढ़ जिला से रवि कुमार महतो को केंद्रीय संगठन महामंत्री, केन्द्रीय उपाध्यक्ष आंनद केटियार, सन्तोष टिडुआर, संगठन सचिव सहदेव महतो, युवा मोर्चा केंद्रिय उपाध्यक्ष पानेश्वर कुमार महतो, महिला मोर्चा का केंद्रीय उपाध्यक्ष लीलावती महतो, भारती कुशवाहा,सुलेखा देवी, रूपा महतो, केंद्रीय सचिव सैल देवी, गुड़िया देवी, देवन्ती देवी,अनुपम राज को बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का रामगढ़ जिला समिति द्वारा आभार व्यक्त किया गया है। रामगढ़ जिला समिति की ओर से शीर्ष नेतृत्व को आशा और विश्वास दिलाते हुए कहा गया है की पार्टी को सशक्त और मजबूती बनाने के जिला समिति पूरा प्रयास कर रही है और संगठन की नीतियों को घर घर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिला समिति की ओर से कहा गया की जिला समिति हमेशा पार्टी हित में के लिए तथा पार्टी का जो भी आदेश होगा उसका पूरी तरह से पालन करेगी।

### पंचायतीराज डिजिटाइजेशन को लेकर पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों को मिला प्रशिक्षण

**बरही ।** जिला सूचना केंद्र में पंचायती राज डिजिटाइजेशन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जिले के 155 पंचायत सचिवालय के प्रज्ञा केंद्र संचालक सहित प्रखंड समन्वयक मौजूद रहे. जिसमे मुख्य रूप से पंचायती राज जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राजकुमार मंडल, सीएससी के डीएम मो निजामुद्दीन अंसारी, रौशन कुमार और डीआई मुकेश झा शामिल हुए. प्रशिक्षण रांची से आए मास्टर ट्रेनर राजू ने दी. सभी पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों को पंचायत मुख्यालय स्थित प्रज्ञा केंद्र को नियमित संचालित करने का निर्देश दिया गया. जनता के कार्य को सुगमता के साथ करने की सलाह दी गई. मास्टर ट्रेनर ने जेम पोर्टल के माध्यम से सेकेंडरी यूजर बनाने के तरीके के साथ ई ग्राम स्वराज कार्यक्रम को विस्तार से बताया गया. डीपीएम श्री मंडल ने पीएम विश्वकर्मा के तहत अधिकाधिक लोगो को पंजीकृत करने की बात कही गई.

### विधायक ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

## शिक्षण कार्य प्रारंभ नहीं होने से छात्र-छात्राएं शिक्षा से वंचित



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** विधायक अमित कुमार यादव रांची राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर डिग्री महाविद्यालय बरकट्ठा में शिक्षण कार्य प्रारंभ कराने हेतु ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया। उल्लेखनीय है कि बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह सूरजकुंड स्थित महाविद्यालय का भवन निर्माण कार्य विगत 3 वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका है। परंतु अबतक यहां शिक्षण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जबकि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का पद राज्य सरकार से स्वीकृत किया जा चुका है। शिक्षण कार्य प्रारंभ नहीं होने से बरकट्ठा प्रखंड के आर्थिक रूप से पिछड़े अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्रा उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। इसी निमित्त विधायक ने डिग्री महाविद्यालय बरकट्ठा में शिक्षण कार्य जल्द प्रारंभ कराने के लिए राज्यपाल से मिलकर आग्रह किया।

## गरीब व जरूरतमंदों के बीच बंटे कंबल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** बढ़ते ठंड को देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव के सौजन्य से गिद्दी सी चीफ हाउस में दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव के सौजन्य से मिले कंबलों को उनके सहयोगी रवि सोनी द्वारा गिद्दी सी चीफ हाउस में शनिवार को दर्जनों गरीब, असहाय, वृद्ध, विधवा जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया। रवि सोनी को कंबल उपलब्ध कराते हुए संतोष यादव ने कहा कि राजद का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा और समाजहित में कार्य करना है। उन्होंने कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है, ऐसे नेक कार्यों में सक्षम लोगों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। राजद प्रदेश उपाध्यक्ष श्री यादव ने कहा की राजद गरीबों की मदद के लिए हर संभव सहयोग करती आई जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा की राजद के लोग अपने सामाजिक दात्यित्वों के तहत गरीबों की सेवा करते रहेंगे। गरीबों की सेवा ही इंसानियत और मानव धर्म भी है।

### कांग्रेस का दलित गौरव सह मिलन समारोह संपन्न

## राहुल को पीएम बनाने के मुद्दे पर आवाज हुई बुलंद



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** नगर भवन में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग का लोकसभा स्तरीय दलित गौरव मिलन समारोह कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। जिसमे पांच सौ से भी अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान सहित उपाध्यक्ष भीम सिंह, एसी विभाग के प्रदेश सचिव बैजू गहलोत, हजारीबाग ज़िलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित और अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री पासवान ने कहा कि सोशल इंजीनियरिंग की बात तो सब करते हैं, लेकिन एससी, एसटी, ओबीसी, दलित, अल्पसंख्यक को हक दिलाने के लिए सिर्फ राहुल गांधी ही आवाज बुलंद करते है। पूरे देश में जिनकी आबादी 90% है, उन्हें आज दबाया जा रहा है, जो अब असहनीय हो गया है। उन्होंने दलित अनुसूचित जाति के लोगों से सावधान होने का अपील करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गांधी को पीएम बनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि यदि पुनः मोदी की सरकार आई तो संविधान में बदलाव करते हुए मनुस्मृतितियां लागू कर दिए जायेंगे। दलित परिवार एक बार फिर हासीये पर चला जायेगा। कार्यक्रम जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी की देख रहे में हुई। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के एससी विभाग के हजारीबाग जिला अध्यक्ष मुकेश पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष रेवाली पासवान, सेंट्रल कार्डिनेटर एससी डिपार्टमेंट रामगढ़ जिला अध्यक्ष एससी डिपार्टमेंट जय कुमार राम, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पद्मा प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, कार्तिक कुमार पासवान, रघु यादव, जमूना यादव, पदमा प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस गौतम मेहता, विधायक प्रतिनिधि बरही प्रखंड सुनील साहु, गुलाम मुस्तफा धनवार सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

**आस्था**

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

## सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी रामनारायण खलखो व संचालन थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह व सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार भी मौजूद रहीं। बैठक में दोनों समुदाय के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए अंचल अधिकारी रामनारायण खलखो ने कहा कि क्षेत्र में शांति, सामाजिक सौहार्द और सद्भावना बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। वहीं प्रखड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंदवार ने आयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर सभी से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों और दोनों समुदाय के लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है, यदि कोई खुराफाती किसी भी प्रकार का माहौल बिगाड़ने का प्रयास करता हुआ पाया गया तो त्वरित कार्यवाही की जाएगी। मौके पर बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता भगवान केशरी, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया शमशेर आलम, मुखिया मनोज कुमार, परमेश्वर यादव, मुखिया यास्मीन तबसुम, पंचायत समिति सदस्य मो तैयब, विकास सिंह, तौकीर रजा, मुखिया मनोज कुमार, नारायण यादव, शिवा निषाद, अभिषेक निषाद, मो बेलाल, मो तौहीद अली सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## घर-घर दीप जलाना है, मिल-जुलकर त्योहार मनाना है : अंबा प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा क्षेत्रवासियों से 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर घर-घर दीप जलाने एवं धार्मिक स्थलों, मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाने व जगमगाने की अपील की है। इसी कड़ी में विधायक आवास में विशेष तैयारी की जा रही है। विधायक अंबा प्रसाद द्वारा हर घर को जगमग करने के लिए दीप पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक आवासीय कार्यालय में दिया, बाती, तेल व माचिस की पैकेजिंग करके पूरे विधानसभा क्षेत्र के हरेक घर तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा है कि सभी सनातनी भगवान रामलला के नवनिर्मित मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य उत्सव की तैयारी कर रहे हैं। इसी कड़ी में पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के घर घर में दीप उपलब्ध कराते हुए भव्य उत्सव की तैयारी के लिए हर घर दीप पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक कार्यालय से दिया, बाती, तेल व माचिस की पैकेजिंग करके विधानसभा क्षेत्र के सभी हिस्सों में पहुंचाकर त्योहार को भव्य बनाने की व्यापक तैयारी की जा रही है। इसमें दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा हर घर तक दीप पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### माता वैष्णों देवी मंदिर में 22 जनवरी को दीपोत्सव व भंडारा का आयोजन




**रामगढ़।** 22 जनवरी को अयोध्या में 500 वर्षों बाद नवनिर्मित विशाल मंदिर में प्रभु श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में प्रसारित किया जाएगा। उक्त जानकारी पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सूरत चन्द्र वासुदेव व महासचिव महेश मारवाह ने संयुक्त रूप से दी। श्री मारवाह ने बताया कि अयोध्या में होने वाले श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण मंदिर परिसर में किया जायेगा। इसके अलावे गोला रोड स्थित मनोहर रेसीडेंसी के पास श्री राम ध्वजा पदयात्रा का स्वागत किया जाएगा। वहीं मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे से भजन-कीर्तन व अपराह्न 2 बजे से भंडारा तथा रात में दीपोत्सव का कार्यक्रम होगा। सभी कार्यक्रमों की तैयारी पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा जोर-शोर से की जा रही है।

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री दिगम्बर जैन मंदिर की हुई आकर्षक विद्युत सज्जा



**रामगढ़।** श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में होने जा रहे श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर समस्त भारत वर्ष में उत्साह उल्लास का वातावरण के साथ सम्पूर्ण विश्व भी राम मय हो गया है।इस उत्सव में श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ कार्यकारणी समिति ने निर्णय लिया है कि श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर समाज की ओर से श्री मंदिर जी को विद्युत सज्जा एवं दीपों से सजाया जाएगा तथा श्री राम ध्वजा पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का समाज की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने समस्त रामगढ़ वासियों को प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। मौके पर अरविंद सेठी, जंबू जैन, नरेंद्र छाबड़ा, आनंद जैन,राजू सेठी, देवेंद्र गंगवाल,ललीत चूड़ीवाल, निशांत सेठी,राजू पाटनी,विनोद पहाड़िया आदि लोग उपस्थित थे ।

### परवरिश एजुकेयर स्कूल में कुकिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




**रामगढ़।** परवरिश एडुकेयर स्कूल में दो उल्लेखनीय कार्यक्रम आयोजित किए गये, जिसमें समुदाय के भीतर माताओं की प्रतिभा, रचनात्मकता और भावना को प्रदर्शित किया। रेड क्वीन प्रतियोगिता और फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता उत्साह के साथ आयोजित की गई। जिसमें परिवारों को सुंदरता और पाक कला के उत्सव में एक साथ लाया गया। आयोजित रेड क्वीन प्रतियोगिता, लालित्य और शिष्टता का उत्कृष्ट प्रदर्शन थी। स्कूल संकाय की सम्मानित ट्रस्टी मिक्की सिंह और रूबी सिंह सहित न्यायाधीशों के सामने अनुग्रह, बुद्धिमत्ता और अद्वितीय व्यक्तिगत गुणों जैसे मानदंडों के आधार पर विजेताओं का चयन करने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया। साथ ही फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता ने हमारे स्कूल की माताओं की पाक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक ताप स्रोतों के बिना स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। जबकि उपविजेता को सैशे से सम्मानित किया गया। फायरलेस कुकिंग विजेता बेबी, नजराना खातून और पूजा देवी को सुपरमॉम टोपी से सम्मानित किया गया।

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिरों की भव्य सजावट



**हजारीबाग।** श्री राम मन्दिर के पावन प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर जैन युवा परिषद हजारीबाग के तत्वावधान में श्री दिगम्बर जैन पंचायत के बड़ा बाजार, बोडम बाजार व इचाक में मंदिर की साफ सफाई का वृहद कार्यक्रम किया गया। जैन युवा परिषद के अध्यक्ष अमर विनायका ने कहा कि इस शुभ घड़ी के आगमन में पूरे जैन समाज में हर्ष और उल्लास का माहौल व्याप्त है,वही जैन पंचायत के महामत्री पवन जैन अजमेरा ने बताया कि कल 22 जनवरी को दोनो जैन मंदिरो में विशेष पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया है। साथ ही मंदिरो में लाइट साज सज्जा की पूरी व्यवस्था की गई है। जैन युवा परिषद के सचिव राजेश जैन सेठी ने कहा कि जैन युवा परिषद के द्वारा पावन प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर फल वितरण के साथ साथ गरीबों के बीच कंबल का भी वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जैन समाज के अध्यक्ष धीरेंद्र सेठी, सह मंत्री उत्तम पाटोदी,कार्यकारिणी सदस्य निर्मल जैन,नागेंद्र जैन,सुनील जैन, किशोर जैन, विजय लुहाड़िया, दिलीप अजमेरा के साथ जैन समाज के पन्नू जैन, राजू बड़जात्या, ज्ञान चंद बड़जात्या, नरेंद्र जैन, नवीन लुहाड़िया समेत जैन युवा परिषद के तमाम युवा साथियों का विशेष योगदान रहा।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली में जारी हुआ नामांकन जांच परीक्षा का परिणाम



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली के प्रथम नामांकन जांच परीक्षा का रिजल्ट शनिवार को जारी हो गया। गौरतलब है कि विगत 18 जनवरी 2024 को विद्यालय में नामांकन जांच परीक्षा का आयोजन हुआ था। परिणाम जारी होने के बाद विद्यालय में नामांकन प्रारंभ हो गया है ' चयनित अभ्यर्थी विद्यालय में आकर नामांकन करा सकते हैं।

## एक नजर

### टेंपो की टक्कर से शिक्षक-शिक्षिका घायल

**सिमडेगा।** स्थानीय शहरी क्षेत्र के सामटोली के पास शुक्रवार को स्कूटी सवार शिक्षक-शिक्षिका मैजिक टेंपो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान शिक्षक अमित प्रधान एवं शिक्षिका रोशनी कुजूर के रूप में हुई। घायलों को कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की की मदद से निजी ऑटो द्वारा इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार दोनों स्कूटी से घर वापस आ रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है।

### जवाहर नवोदय चयन परीक्षा में 1620 परीक्षार्थी शामिल

**सिमडेगा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2024 में सिमडेगा जिले के कुल 1620 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। यह परीक्षा शहर के छह परीक्षा केंद्रों संत मेरिज हाई स्कूल, उसुलाइन कॉन्वेन्ट गर्ल्स हाई स्कूल, संत मेरिज इंग्लिश मीडियम स्कूल, संत अन्ना बॉयज स्कूल, डीएवी एवं केंद्रीय विद्यालय में आयोजित की गयी। डीईओ मोहन जी झा ने बताया कि जिला मुख्यालय के सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न हुई। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य बीपी गुप्ता ने बताया कि शहर के छह परीक्षा केंद्रों पर कुल 1620 (81.28%) परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जबकि पंजीकृत अभ्यर्थियों की कुल संख्या 1993 थी। जेएनवीएसटी प्रभारी मनोज कुमार आदि चक्रमण करते रहे।

### श्रद्धानन्द बेसरा के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान

**सिमडेगा।** नगर परिषद क्षेत्र के प्रिंस चौक दुर्गा पुजा परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा, अनूप प्रसाद, राम किशुन केसरी की उपस्थिति में मन्दिरों की साफ-सफाई की गयी। भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि 22 जनवरी अयोध्या में ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज प्रिंस चौक दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर कैलास केसरी, तारकेश्वर भारती,राजू भैया , जगत भैया ,कृष्णा भारती ,टाबू ,राजेश कुमार सहित अनेक श्रद्धालुओं ने योगदान दिया।

### अज्ञात वाहन के धक्के से पोकलेन ओपरेटर की मौत

**चैनपुर/गुमला।** मुख्यालय के रामपुर पुल के समीप शनिवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पोकलेन आपरेटर की मौत हो गयी। बताया जाता है कि गोविंद चौधरी 36 वर्ष पिता गणेश चौधरी जरिया मिक्सर नवादा रामपुर में रहकर पोकलेन चलाते थे। शनिवार सुबह वे मार्निंग वाक पर निकले थे। इसी दौरान रामपुर पुल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। लोगों की सूचना पर पहुंची चैनपुर पुलिस उन्हें अस्पताल ले गयी। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

---

#### डीसी-एसपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिये निर्देश

# प्राण-प्रतिष्ठा के दिन विधि व्यवस्था को लेकर अलर्ट

**विभिन्न जगहों पर जुलूस भी निकाले जाने का कार्यक्रम निर्धारित है : उपायुक्त**

**बैठक के दौरान अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर जिले में बेहतर विधि- व्यवस्था संधारण करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिये गये**




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में सभी थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ आनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर जिले में बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा आयोजित कार्यक्रम को देखते हुए जिले के विभिन्न मंदिरों में कलश यात्रा, अखंड कीर्तन-भजन, पूजा अर्चना सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। विभिन्न जगहों पर जुलूस भी निकाले जाने का कार्यक्रम निर्धारित है। जिसे ध्यान में रखते हुए कहीं पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटे इस दिशा में संबंधित पदाधिकारियों को सजग रहना है।

**परीक्षार्थियों की सुविधा का ख्याल**

बैठक में जेएससीसी की परीक्षा को लेकर भी चर्चा की गई। जिले में 28 जनवरी एवं चार फरवरी को होने वाली परीक्षा के लिये कई परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा देने हेतु जिले के कई हिस्सों से विद्यार्थियों का आगमन होगा। परीक्षा देने वाले स्टूडेंट को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इस संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एलआरडीसी अरुणा कुमारी, एसडीपीओ डेविड ए डोडरय राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी रैनियर खलखो, अंचलाधिकारी मो. इम्तियाज अहमद, ईडीएम चंद्रशेखर कुमार उपस्थित थे।

**निर्धारित कार्यक्रम में परिवर्तन की मनाही**

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के दिन संगठनों के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की पूरी तरह से मनाही है। इस दौरान विवादास्पद/भड़काऊ गाने के बजाने पर पूर्णतया रोक रहेगी। सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से भ्रामक व सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने से संबंधित सूचना फैलाने वाले व्यक्ति पर तत्काल विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

---

#### पुलिस लाइन में हरे रामा-हरे कृष्णा की अनुगूंज से वातावरण

## शिव मंदिर वार्षिक महोत्सव पर अखंड कीर्तन शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** स्थानीय पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर के वार्षिक महोत्सव के मौके पर शनिवार को अखंड हरि कीर्तन प्रारंभ हुआ। विधिवत अधिवास पूजन के साथ प्रारंभ कीर्तन में आसपास के दर्जनों गांवों की कीर्तन मंडली भाग ले रही है। हरे रामा, हरे कृष्णा की अनुगूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया है। पुलिस लाइन के सार्जेंट मेजर खुशी लाल महतो ने बताया कि वार्षिक महोत्सव के मौके पर आयोजित कार्यक्रम का समापन रविवार को होगा। इस दौरान हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पुलिस अधीक्षक सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

---

## विधायक व प्रखंड अध्यक्ष ने लापता बच्चे के माता-पिता को दी सहायता राशि




नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी तथा प्रखंड अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग ने लापता बच्चे के माता-पिता को बच्चों को लाने के लिए सहायता राशि दी। ज्ञात हो नाम सत्यवान गोप उम्र 15 वर्ष पिता सुरेश गोप पता ग्राम कोंबाकेरा देवाटोली प्रखंड कोलेबिरा अपने गांव से पिछले 28 दिसंबर से लापता है। जिसका मामला कोलेबिरा थाने में दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि तत्काल सभी बोर्डर एरिया के थानों को सूचना देकर बच्चे की तलाश की जा रही थी। इस दौरान बच्चे को बंगाल बॉर्डर से सटे बंदवान थाना क्षेत्र में बरामद किया गया है। बच्चे को वहीं थाना परिसर में रखा गया है। इसकी सूचना थाना प्रभारी द्वारा बच्चे के माता-पिता को दी गई। तत्पश्चात बच्चे के माता-पिता ने कोलेबिरा कांग्रेस मीडिया प्रभारी अमृत डुंगडुंग को बताया कि उनके पास बच्चे को वहां से लाने के लिये पैसे नहीं हैं। इस पर उन्हें आर्थिक मदद प्रदान की गयी। मौके पर श्यामलाल प्रसाद, रवि गोप के द्वारा भी बच्चे को लाने में सहायता दी जा रही है।

### झारखंड पार्टी ने ग्रामीणों की सुनी समस्या



**कोलेबिरा।** प्रखंड के धवईटांड में शनिवार को झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का और युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने जनसंपर्क कर ग्रामीणों से मिल कर गांव में व्याप्त समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान पदाधिकारियों ने समस्याओं के निराकरण में हर तरह से सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को दूर करने के लिए झारखंड पार्टी पूरी तरह से तैयार है।

## सबकी योजना-सबका विकास के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ग्राम पंचायत समसेरा स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय पाकर बहार में बाल सभा का आयोजन किया गया। मुखिया सुरजन बड़ाईक की अध्यक्षता में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पंचायती राज पदाधिकारी राहुल बडाईक ने सभी को कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी। मुखिया ने बताया कि विकलांग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अल्पसंख्यक बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर एक से पांच कक्षाओं के बच्चों के बीच क्वीज, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सोनाक्षी कुमारी, विवेक लोहरा,



अनीम कुल्लू, विशाल लोहरा एवं कृतिका कुमारी को पुरस्कृत किया गया। वहीं छह से आठ वर्ग एवं सांप-सीढी खेल में प्रतिभागी बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जनसेवक अरूण बडाईक के द्वारा किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य सुशीला कुल्लू, शिक्षक लोकेंद्र सिंह, सरोज राय, सुमन्ती कुमारी, वार्ड सदस्य हीरालाल बडाईक ,ग्रेस लकड़ा, उषा रानी टोप्पो, प्रतिमा कुल्लू मौजुद रहीं।

---

## उपायुक्त ने पशुपालन विभाग अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने पशुपालन विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रखंड स्तर पर लाभुकों का चयन करते हुए उसकी सूची जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया। उन्होने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत बकरी पालन के लिए लगभग 600 लाभुकों का चयन कर लाभ मुहैया कराने हेतु अनुमोदन किया। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं डीपीएम जेएसएल पीएस उपस्थित थे।

#### ग्रामीणों की समस्या सुनने कई किमी पैदल चलकर गांव पहुंचे विधायक भूषण बाड़ा

## आजादी के बाद पहली बार किसी विधायक को गांव पहुंचे देख तृप्त हुए ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

**पलकोट/गुमला।** विधायक भूषण बाड़ा जनता की समस्याओं को दूर करने की दिशा में गंभीर है। शनिवार को कई किलोमीटर पैदल चलकर पालकोट प्रखंड के अति दुर्गम क्षेत्र रायडीह उपरा टोला गांव पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी। आजादी के बाद पहली बार किसी विधायक को गांव पहुंचा देख ग्रामीण काफी खुश हुए। साथ ही विधायक का जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के गांव आने से ही ऐसा लग रहा है मानो उनकी समस्या दूर हो गई हो। विधायक के गांव पहुंचने से सभी समस्याओं का समाधान होने की आस जगी है। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए ही गांव पहुंचे हैं। ग्रामीण अपनी समस्या बेझिझक रखें। सभी समस्याओ को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्या सुनने के लिए मीलों की दूरी पैदल चलकर जाना पड़े। तो भी वे चलकर ग्रामीणों तक जरूर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की असली समस्या नजदीक पहुंच कर देखने से ही पता चलता है। इसलिए वे गांव पहुंचे है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा,प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, ए सी मोर्चा गुमला जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम, विधायक प्रतिनिधि केशवर सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह उर्फ मारवाड़ी सिंह, 20 सूत्री सदस्य सतनारायण केशरी, अनुज सोरेंग, पेरू उरांव, पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम उरांव,संजय नगरची, पंचायत अध्यक्ष राधेश्याम ग्वाला, मनोज मिश्रा,पंचायत अध्यक्ष बालगोविंद खरिया, पंचायत अध्यक्ष अमन तिर्की, शिव धाम मंदिर अध्यक्ष देवनंद सिंह, सचिव जयधन सिंह, कोषाध्यक्ष मनकुंवर सिंह आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीणों को दिखाया वन अधिकार अधिनियम पर जागरूकता फिल्म

**पाकरटांड़।** प्रखंड के डुमरडीह में फिया फाउंडेशन के द्वारा ग्रामीणों के बीच वन अधिकार अधिनियम-2006, मनरेगा कानून-2005 एवं सशक्त ग्राम सभा की कहानी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए उन्हें जागरूक किया गया। वीडियो के माध्यम से दिखाया गया कि वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत सामुदायिक वन पट्टा एवं व्यक्तिगत पट्टा लेने का अधिकार ग्राम सभा को है। जिसमे व्यक्तिगत पट्टा में जंगल पर आश्रित लोगों के लिए आजीविका हेतु एवं घर बनाने हेतु अधिकतम 10 एकड़ जमीन मुहैया कराने का प्रावधान है। सामुदायिक वन पट्टा में ग्राम सभा को जंगल से जलावन हेतु सुखी लकड़ी, महुआ, डोरी, बीड़ी पत्ता, जड़ी बूटी, छोटे छोटे पत्थर, एवं अन्य गौण उत्पाद लाने का प्रावधान है। चारागाह, मछली पकड़ने एवं जानवरों को नदियों का पानी पिलाने का अधिकार भी इस कानून के तहत दिया गया है। मनरेगा में जॉब कार्ड कैसे बनता है, काम कैसे और कहां मिलता है, कितने दिनों का काम मिलता है, काम न मिलने पे बेरोजगारी भत्ता मिलता है, मास्टर रोल क्या होता है, महिला मेट क्या होती है एवं इनका क्या काम है साथ मे मनरेगा के योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया गया।

### पुलिस ने मुख्यालय क्षेत्र में किया फ़्लैग मार्च

**चैनपुर/गुमला।** 22 जनवरी को भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अनुमंडल दण्डाधीकारी कुमार सुशील खाखा, नवनियुक्त डीएसपी बैजू उरांव, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह व एएसआई मदन शर्मा की अगुवाई में शनिवार को चैनपुर मुख्यालय में शान्ति व्यवस्था हेतु फ़्लैग मार्च निकाला गया। थाना परिसर से पीपल चौक,मेन रोड, दुर्गा मंदिर, सोहन चौक,एमएलए रोड आदि का भ्रमण करते हुये जवानों ने नागरिकों को शांति व सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यपालक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी ने सभी लोगों से शांति पुर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ 22 जनवरी को भगवान श्रीराम उत्सव मनाने का आह्वान किया।

### प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक

**चैनपुर (गुमला)।** अयोध्या में बन रहे राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर चैनपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पूरे कार्यक्रम को आपसी भाईचारगी व सौहार्द के साथ मनाने हेतु पुलिस प्रशासन ने उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा की। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी समुदाय, व्यक्ति विशेष, धर्म अथवा समाज को ठेस पहुंचाने वाले संगीत गाने का प्रयोग न करें। जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़े। वहीं किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, फोटो, वीडियो एवं धर्म पर आपत्ति जनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर शेयर करने से बचें। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, भड़काऊ मैसेज, धार्मिक विद्वेष फैलाने वाले एवं वीडियो को पोस्ट करने वालों की सूचना नजदीकी पुलिस थाने को दें। मौके पर अनुमंडल दंडाधिकारी सुशील खाखा, मुखिया शोभा देवी , नवनियुक्त डीएसपी बैजू उरांव,चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, जमुना केसरी, रघुनंदन प्रसाद उपस्थित थे।

### शांति समिति की बैठक में प्रशासन ने दिये आवश्यक निर्देश



**केरसई।** गणतंत्र दिवस एवं 22 जनवरी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर केरसई थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए केरसई अंचलाधिकारी बलिराम मांझी ने नागरिकों को सौहार्दपूर्ण रूप से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने का आग्रह किया। साथ ही केरसई थाना प्रभारी को गश्ती तेज करने का निर्देश दिया। वहीं थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने कहा कि क्षेत्र की जनता अफवाहों पर ध्यान ना दे। किसी भी तरह की घटना- दुर्घटना होने पर पुलिस को सूचना अवश्य दे। सोशल मीडिया पर भड़काने वाले पोस्ट डालने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने 21 जनवरी को प्रभात फेरी एवं 22 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर सब इंस्पेक्टर राजीव कुमार, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गौतम कुमार, विधायक प्रतिनिधि शशि प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार, जेफ्रीन केरकेट्टा, बशारत अंसारी, मुख्तार अंसारी, उपेंद्र प्रसाद, सीआई संत सिन्हा, राजस्व कर्मचारी ललन प्रसाद, एएसआई अवधेश प्रसाद मौजूद थे।

---

#### विश्व हिंदू परिषद ने बैठक कर बनायी वृहद रूपरेखा, लोगों में भारी उत्साह

## राम-जानकी मंदिर में आज महा आरती, क्षेत्रों से पहुंचेगी शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में शनिवार को श्रीराम जानकी मंदिर में बैठक कर अयोध्या में श्रीरामलला के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के निमित्त जिले एवं नगर में होने वाले उत्सव कार्यक्रम की अंतिम रुपरेखा बनाई गई। इस निमित्त रविवार को सिमडेगा नगर परिषद क्षेत्र की हृदयस्थली श्रीराम जानकी मंदिर में अपराह्न 11 बजे से महा आरती कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। जिसमें नगर क्षेत्र के सभी वार्ड मुहल्ले से पूजा पंडाल समिति, मंदिर समिति के नेतृत्व में स्त्री पुरुष, बाल, वृद्ध



कीर्तन और जयकारे के साथ श्रीराम जानकी मंदिर में जमा होंगे और वहाँ महा आरती के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिने जिले में मंदिर एवं सरना सहित करीब तीन हजार जगहों पर भजन कीर्तन, महा आरती, भंडारा और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है।

**प्राण-प्रतिष्ठा के दिन मनेगा दीपोत्सव :** प्राण-प्रतिष्ठा के दिन क्षेत्र में भव्य दीपोत्सव मनाया जायेगा। नजदीकी मंदिरों में पांच दीये जलाने के साथ अपने-अपने घरों में असंख्य दीप जलाये जायेंगे। उसके बाद आतिशबाजी भी की जायेगी।

---

#### जर्जर शेड के नीचे दुकानदारी को विवश हैं व्यवसायी, बना रहता है भय

# मार्केट शेड दुर्घटना को दे रहा है आमंत्रण

**शेड की स्थिति ऐसी है कि सभी खम्भों के छड़ दिख रहे हैं**

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखण्ड मुख्यालय में शनिवार एवं गुरुवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार में बना जर्जर मार्केट शेड बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। व्यापारियों का कहना है कि बाजार समिति के माध्यम निर्मित मार्केट शेड पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। आज शेड की स्थिति ऐसी है कि सभी खम्भों के छड़ दिख रहे हैं। वहीं ऊपर का शेड गायब है। जबकि यहीं बैठकर सब्जी बेचने वाले किसान व अन्य दुकानदार अपनी दुकानदारी करते हैं। सुकरमनी देवी, दुर्गा देवी, बिरसा साहू, सुखलाल साहू आदि ने कहा कि इस शेड के नीचे विभिन्न प्रकार के लगभग 25-30 दुकानदार अपनी दुकानें लगातें हैं, लेकिन मन में भय रहता है कि कभी दुर्घटना



का शिकार ना हो जाए। बरसात के दिनों में शेड से लगातार पानी टपकता रहता है। इसके बाद भी कोई अन्य व्यवस्था नहीं होने के कारण उसके नीचे छाता लेकर दुकानदारी करना पड़ता है। परेशानी के साथ-साथ मौत का डर भी बना रहता है। दुकानदारों का कहना है कि या तो शेड को पूरी तरह नष्ट कर दिया जाए या नये शेड का निर्माण किया जाए।

### गणतंत्र दिवस को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक

**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बानो प्रमुख सुधीर डांग की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस को लेकर चर्चा करते हुए कहा गया कि गणतंत्र दिवस प्रखण्ड में धूमधाम से मनाना है। बैठक में झंडोत्तोलन के समय सारिणी के बदलाव पर चर्चा कर निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र तथा कार्यक्रम में विजेता टीम को उपहार दिया जायेगा। मार्च पास्ट में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम को भी पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया। मौके पर थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो ने कहा कि 26 जनवरी को लेकर असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी जायेगी। बैठक में रेणु कुमारी , बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, तिलकु चौरसिया, संतोष साहू, डॉ. दुलमु बूढ़ीउली, संजय कुमार, अनस्तसिया, भगवान पंडा, चूड़ामणि यादव उपस्थित थे।

## एक नजर

### छह करोड़ से बनेंगी धनबाद के ग्रामीण क्षेत्रों की तीन सड़कें

**धनबाद।** जिले में छह करोड़ रुपए से अधिक की राशि से ग्रामीण क्षेत्र की तीन सड़कों का निर्माण होगा। तीनों सड़कें ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन की हैं। सड़क निर्माण के लिए विभाग की ओर से टेंडर जारी कर दिया गया है। तीनों सड़कों की कुल लंबाई पांच किलोमीटर के करीब होंगी। सभी सड़कें गोविंदपुर अंचल की हैं। मिली जानकारी के अनुसार पहली सड़क हरिहरपुर शिव मंदिर से शुरू होकर बंदरचुआ होते हुए रघुनाथपुर तक जाएगी। इस सड़क की लागत 2.40 करोड़ रुपए के करीब होगी। इसकी लंबाई 2.2 किलोमीटर होगी। दूसरी सड़क की लागत 2.50 करोड़ होगी। यह सड़क काडालांगा मोड से शुरू होकर नयाडीह मोड़ होते हुए घनुआडीह तक जाएगी।

### विस्थापित संयुक्त परिवार का कुदाली चलाओ खेती बाड़ी करो आंदोलन 23 जनवरी को

**बोकारो।** विस्थापित संयुक्त परिवार की बैठक इनायत चौक सेक्टर 9 हटिया मोड में हुई। सभा में विस्थापित नेता हसनुल्लाह अंसारी ने कहा 23 जनवरी को मजदूर मैदान में कुदाली चलाओ खेती बाड़ी करो आंदोलन की घोषणा विस्थापित संयुक्त परिवार ने किया है। सभी विस्थापित गांव में जन जागरण अभियान चलाकर बोकारो प्रबंधन के मनमानी के खिलाफ अधिक से अधिक संख्या में 23 जनवरी को मजदूर मैदान आने की अपील की। विस्थापितों ने कहा मान सम्मान अधिकार की रक्षा के लिए सभी मजदूर मैदान आकर बोकारो प्रबंधन के मनमानी का मुंह तोड़ जवाब देंगे। बोकारो प्रबंधन ने कहा 4328 की सूची के सभी विस्थापितों को अप्रेंटिस कराएंगे।

### केबी कॉलेज में संस्थापक अध्यक्ष बिंदेश्वरी दुबे की मनी पुण्यतिथि

**कथारा।** शनिवार को केबी कॉलेज बेरमो में प्राचार्य डॉ केपी सिन्हा की अध्यक्षता में शिक्षकों, कर्मियों व विद्यार्थियों की उपस्थिति में कॉलेज प्रांगण मे कॉलेज संस्थापक अध्यक्ष बिंदेश्वरी दुबे की पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय, प्रो गोपाल प्रजापति, डा आरपीपी सिंह, डा अलीशा वंदना लकड़ा, भगन घांसी, बालेश्वर यादव, संतोष राम आदि उपस्थिति रहे।

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को ले सज रही विद्युतनगरी

**चंद्रपुरा।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन चंद्रपुरा के सभी मंदिरों में भव्य आयोजन की तैयारी है। यहां के श्री चंदेश्वरनाथ शिव मंदिर/पंच मंदिर, कमला माता पहाड़ी मंदिर, स्टेशन बाजार मंदिर व झरनाडीह मंदिर में इसकी जोरदार तैयारी की जा रही है। मंदिर कमेटी सहित बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता इसमें लगे हुए हैं। डीवीसी कॉलोनी में पश्चिम पल्ली से लेकर निमियामोड़ तक लाउड स्पीकर लगाया गया है। जहां पर प्रभु श्रीराम के गीत बज रहे हैं। कमला माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रेम कुमार व सचिव भीम महतो ने बताया कि 22 जनवरी के कार्यक्रम की तैयारी यहां पर की जा रही है।

गणतंत्र दिवस समारोह तैयारी की उपायुक्त ने की समीक्षा

# पदाधिकारियों को सरकारी कार्यालयों में समय पर झंडोत्तोलन करने का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** उपायुक्त, गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में गणतंत्रता दिवस की तैयारियां को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान गणतंत्र दिवस का समारोह झंडा मैदान में आयोजन करने का निर्णय लिया गया। गणतंत्र समारोह के अवसर पर झंडोतोल्लन मुख्य अथिति झारखंड सरकार के माननीय कृषि मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम में परेड, झंडोतोलन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त, गिरिडीह ने एक एक कर सभी संबंधित अधिकारियों संग विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त, गिरिडीह ने मुख्य कार्यक्रम स्थल के साथ साथ सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन करने के लिए निर्देशित किए। इसके साथ ही उन्होंने परेड की तैयारी, झांकियों की थीम समेत अन्य विषयों पर भी कई निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर निम्न विभागों द्वारा झांकी प्रस्तुत किया जायेगा : 01) सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, गिरिडीह, 02) कृषि विभाग, गिरिडीह, 03) पशुपालन विभाग, गिरिडीह, 04) मत्सय विभाग, गिरिडीह, 05) जिला समाज कल्याण कार्यालय, गिरिडीह, 06) गव्य विकास कार्यालय, गिरिडीह, 7) खरछढर, गिरिडीह, 08) डी० आर० डी० ए०, गिरिडीह, 09) उत्पाद विभाग, गिरिडीह, 10) जिला उद्योग केन्द्र, गिरिडीह, 11) अग्निशमन केन्द्र, गिरिडीह, 12) जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, गिरिडीह, 13) शिक्षा विभाग, गिरिडीह, 14) जिला आपूर्ति कार्यालय, गिरिडीह 15) स्वास्थ्य विभाग, गिरिडीह। मुख्य झण्डोत्तोलन समारोह परेड में होमगार्ड, एन० सी० सी० सीनियर विंग, एस०एस० बी० की एक-एक टुकडी सहित कुल 12 टुकडियों भाग लेगी। परेड की सम्पूर्ण व्यवस्था परिचारी प्रवर, गिरिडीह द्वारा की जायेगी। परेड का पूर्वाभ्यास दिनांक 21.01.2024 से 24.01.2024 तक करने का निर्णय लिया गया।

घर से उठाकर नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास

# शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के जेरूआडीह पंचायत से एक नाबालिग को घर से उठा कर जबरन दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। नाबालिग ने अपने प्रेमी और उसके दो अन्य साथियों पर आरोप लगाते हुए बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। आरोप है कि नाबालिग को उसके प्रेमी ने मिलने बुला कर अपने दो सहयोगियों के साथ उठा कर सुनसान में ले गया और जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया। नाबालिग द्वारा काफी विरोध के बाद तीनों युवक उसे छोड़ कर फरार हो गए। थाना में दिए आवेदन में पीड़िता ने कहा है कि गांडेय थाना क्षेत्र के अहारडीह के रहने वाले एक युवक के साथ पिछले एक डेढ़ साल से उसकी बातचीत होती थी। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हुआ और युवक ने उस से शादी का वादा किया। इस दौरान युवक कई बार मिलने आता था। शुक्रवार की रात युवक ने वाट्सअप पर मैसेज कर मिलने आने की बात कही। देर रात वह युवती से मिलने उसके घर के पास पहुंचा। युवती उससे मिलने बाहर निकली तो युवक ने उसे अपने साथ जाने को कहा। नाबालिग का आरोप है कि जब वह उसके साथ जाने से इंकार करने लगी तो उसके प्रेमी का सहयोगी दो अन्य युवक मोटरसाइकिल से वहाँ पहुंचा और जबरन उसे उठा कर देवघर जिला के बुढ़ई मोड़ के समीप ले गया। जहाँ सुनसान में प्रेमी युवक ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। नाबालिग का कहना है कि काफी विरोध करने के बाद तीनों युवक उसे छोड़ कर फरार हो गए। जिसके बाद वह किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को सारी बात बताई।

# मरकच्चो गोली कांड शहादत दिवस की तैयारी को ले माले की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गावां थाना क्षेत्र के नीमाडीह पंचायत के नावाडीह गांव में भाकपा माले के द्वारा ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। बैठक के दौरान 22 जनवरी को मरकच्चो गोली कांड में शहीद हुए माले कार्यकर्ताओं के शहादत दिवस की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि गावां प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में लोग उक्त कार्यक्रम में भाग लेंगे। मौके पर विचार व्यक्त करते हुए राजकुमार यादव ने कहा कि कोडरमा लोकसभा से केवल भाकपा माले ही भाजपा को पराजित कर सकती है। भाजपा को हटाने के लिए एक मात्र माले ही विकल्प है। कहा कि भाकपा माले गरीब गुरबों की आवाज सड़क से सदन तक उठाती रही है। भाजपा के पास विकास का कोई एजेंडा नही है। भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सब भाजपा को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। उन्होंने मरकच्चो में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगो को पहुंचने की अपील की। मौके पर प्रदीप यादव, गोखुल तुरी, शांति देवी, कमली देवी, मालती देवी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# श्रीनिवास अस्पताल ने एनटीपीसी के साथ लगाया निः शुल्क दंत व नेत्र जांच शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** श्रीनिवास अस्पताल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल ने एनटीपीसी के साथ मिलकर केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत पगार स्थित सरकारी स्कूल में शनिवार को दंत जांच एवं नेत्र जांच का शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 167 जरूरतमंदों का दंत एवं नेत्र जांच हुआ। चिकित्सकों द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श भी दिया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर के आयोजन में एनटीपीसी कंपनी के अधिकारियों ने विधि-व्यवस्था में अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर में निष्कर्षण एवं स्केलिंग का उपचार भी निःशुल्क किया गया। सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की देखभाल प्रदान करना है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंच रहा है। बुनियादी उपचार के द्वारा जरूरतमंद लाभान्वित हो रहें हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली, डॉ. सोम्या राज और डॉ. मेधा कृष्णन ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। मौके पर डॉ. बिनय, डॉ अभिषेक, डॉ अमन, डॉ साइमा, डॉ कृतिका, डॉ स्वेता और डॉ श्रेया, डॉ अरुशी एवं विभागीय कर्मचारी के रूप में राजकुमार दास और पुष्पा कुमारी ने शिविर के दौरान अपना सरहानीय योगदान दिया।

बीज घोटाले के दोषियों पर कार्रवाई को लेकर कांग्रेस का धरना जारी

# कार्रवाई के लिए झामुमो, भाकपा व आम आदमी ने दिया समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बीज घोटाले के दोषियों पर जांचकर कार्रवाई करने की मांग को लेकर जमुआ कांग्रेस का अनिश्चितकालीन धरना छठवें दिन भी जारी रहा। वार्ता के लिए पहुंचे जिला कृषि पदाधिकारी के प्रयास के बाद भी बात नहीं बनी। जिला पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने धरनार्थियों को धरना समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि धरना समाप्त होने के बाद जांच कर बहुत जल्द ही कार्रवाई की जाएगी पर इस बात से धरनार्थी संतुष्ट नहीं हुए और धरना जारी है। कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष महशर इमाम ने कहा कि जिला कृषि पदाधिकारी को बीज घोटाले मामले में कार्रवाई को लेकर 15 दिन पूर्व जांच कर कार्रवाई की आवेदन दिया था। 6 दिनों से धरना पर हैं पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि जब तक बीज घोटाला के आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होगी तब तक धरना पर रहेंगें। इस दौरान शनिवार को कांग्रेस के धरना में झामुमो, भाकपा व आम आदमी ने दिया समर्थन दिया है। जिसमें झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष चीना खान, माले के अशोक पासवान, असगर अली ,आम आदमी पार्टी के जिला पदाधिकारियों ने अपना समर्थन दिया है । सभी ने कहा कि हर हाल में जमुआ में हुए भ्ष्टार्चार चाहे पशु शेड हो या बीज घोटाला, सभी मामले में कार्रवाई करना होगा। इस दौरान कई प्रखंडों के कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष , सहित स्थानीय कांग्रेस के दर्जनों लोग शामिल थे

# फाइलेरिया उन्मूलन को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिलास्तरीय स्वास्थ्य समन्वय समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाए जाने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी ली। बैठक में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना बनायी गई तथा उपायुक्त के द्वारा पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारीयां सौंपी गई। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत दवा वितरण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करायें, ताकि एक भी व्यक्ति फाइलेरिया की दवा लेने से छूटे नहीं। इस दौरान उपायुक्त ने सभी चिकित्सकों, आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका, स्वास्थ्य सहिया एवं स्वास्थ्य कर्मियों को गाइडलाइन का पालन करते हुए डीईसी तथा एल्बेंडाजोल की गोली लोगों को खिलाने को लेकर निर्देशित किया।

## न्यूज बॉक्स

### पुजित अक्षत वितरण के लिए निकाली गयी शोभायात्रा



**गिरिडीह।** डुमरी चैनपुर पंचायत के सभी गांवों में शनिवार को मुखिया प्रतिनिधि संतोष महतो पूर्व मुखिया रामप्रसाद महतो एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्यामनंदन सिन्हा के नेतृत्व में एक शोभायात्रा निकाल कर अयोध्या से आये पुजित अक्षत एवं श्रीराम जन्मभूमि का पत्रक वितरित कर लोगों से 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागी बनने का निमंत्रण दिया,वहीं इस दौरान डुमरी विधानसभा प्रभारी आजसू पार्टी यशोदा देवी शामिल होकर ग्रामीणों से उसदिन अपने क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना व भजन कीर्तन करने के साथ साथ रात्रि को अपने घरों एवं देवालयों में दीप जलाने की अपील की।इस दौरान शामिल लोगों द्वारा जय श्रीराम,राम लखन जानकी,जय बोलो हनुमान की आदि गगनभेदी जयकारे लगा रहे थे। कार्यक्रम में पूर्व पंसस मुकेश सिन्हा, वासुदेव महतो, पंकज सिन्हा, डोमन महतो, मनोज महतो, पंकज सिन्हा, गुरुचरण महतो, पिहु सिन्हा, अरुण सिन्हा, विपिन सिन्हा, विनोद महतो, भोला महतो, झारखंडी महतो, रामेश्वर यादव, दामोदर महतो, बहादुर यादव, सुखदेव तुरी, टुपलाल यादव, सरिता देवी, गौरी देवी, राजेन्द्र यादव, विशाल सिन्हा, अमन सिन्हा, प्रत्युष सिन्हा, अनिल ठाकुर, अभिषेक यादव, मनु, कुंदन कुमार, आकाश कुमार, सोनू, छोटी कुमार, अविनाश, टिपण यादव, परवीन यादव, सूरज तुरी आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ ने सड़क जागरूकता रथ को किया रवाना




**गिरिडीह।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला परिवहन कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे रोड सेफ्टी जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को डुमरी प्रखंड कार्यालय प्रांगण से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को बीडीओ अन्वेषा ओना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरुकता रथ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजनों को सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों के प्रति जागरुक करेगा साथ ही लोगों से सावधानी से वाहन चलाने की अपील करेगा।बीडीओ ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने एवं असावधानी पूर्वक वाहन को चलाने के कारण दुर्घटनाएं घटित होती है जिससे कई बार लोगों की असमय जान भी चली जाती है।वहीं उपस्थित सभी लोगों ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों का पालन करने का शपथ लिया। इस दौरान अपसीर हसन, महाबीर कुशवाहा, हेमंत कुमार आदि सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### ईडी के खिलाफ झामुमो समर्थकों ने मधुबन मोड़ को किया जाम



**गिरिडीह।** पीरटांड़ प्रखंड के मधुबन मोड़ स्थित गिरिडीह डुमरी मुख्य मार्ग को झामुमो कार्यकताओं एवं समर्थकों ने शनिवार को जाम कर ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी करते हुए सभी खटट कार्यकर्ता बीच रोड में ही बैठ गए। इस कारण करीब एक घंटे तक जाम लगी रही। इस दौरान सभी झामुमो समर्थक ढोल, नगाड़े बजाते हुए ईडी के खिलाफ नारे लगाए जा रहे थे। साथ ही केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए हुए कहा कि भाजपा की मनमानी नहीं चलेगी। केंद्र सरकार हाय हाय और ई डी के सम्मन वापस लो आदि के नारे लगाये जा रहे थे। घंटा भर जाम से मधुबन मोड़ के आसपास गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। मुख्यमार्ग की जाम की खबर मिलने के बाद बीडीओ मनोज कुमार मरांडी, पीरटांड़ थाना प्रभारी गौरव भगत, मधुबन थाना प्रभारी राजू मुंडा अपने दल बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे और स्थल पर मौजूद झामुमो समर्थकों कार्यकर्तओं से मिलकर वातार्लाप कर जाम को हटाया । मौके पर झामुमो बीस सूत्री अध्यक्ष महेश मरांडी, ताज हसन, युवराज माहतो, राधेश्याम मादक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैम्पियन को डीएवी पब्लिक स्कूल ने किया सम्मानित



**गिरिडीह।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह में मो.हमाद अख्तर को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य भैया अभिनव कुमार ने कहा कि मो.हमाद अख्तर बचपन से ही पढ़ाई के साथ -साथ खेलकूद में बढ़कर हिस्सा लेता जिसका परिणाम हमलोगो के समक्ष है और बताया कि बीते दिनों हैदराबाद में वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में गिरिडीह ही नहीं पूरे देश का नाम रौशन किया। इस प्रतियोगिता में विश्व भर के 15 देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में मो.हमाद अख्तर ने 115 किलो वर्ग में 235 किलो उठाकर सिल्वर मेडल प्राप्त होने पर बधाई व शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### ईडी के कार्रवाई के खिलाफ झामुमो ने की सड़क जाम



**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सीबीआई और ई डी के द्वारा जमीन घोटाले शनिवार को पूछताछ किया गया। ईडी के इस कार्रवाई के विरुध स्वरूप गिरिडीह में झामुमो कार्यकर्ताओं ने सड़क को जाम किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जम के नारे बाजी किया प्रदर्शनकरियों ने इस दौरान एक घंटे तक रोड को जाम किया इस कर्म में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा इस कर्म में दर्जनों गाड़ियों को जाम में परेशानियों का सामना करना पड़ा। आदिवासी समुदाय के लोग ने यह भी बताया कि इस तरह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान करेंगे तो आदिवासी समाज के लोग रोड पर विरोध प्रदर्शन करते नजर आए। आदिवासी समाज के लोग एक जुट होकर केंद्र सरकार के विरोध में नारे बाजी किया यदि केन्द्र सरकार इसे नही रोका तो आदिवासी समुदाय के लोग धरना प्रदर्शन करेंगे तो हमलोग भी यहां से दिल्ली तक विरोध प्रदर्शन करेंगे और धरना पर बैठेंगे।

# तसर उत्पादक किसान योजना का लाभ उठाएं : उप विकास आयुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, गिरिडीह के तत्वावधान में तसर रेशम कृषकों का एक दिवसीय प्रमंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न अग्र परियोजना केन्द्रों के 300 रेशम कृषकों ने भाग लिया। अग्र परियोजना केन्द्र, बेंगाबाद, जगदीशपुर, डुमरी, गोविन्दपुर, हजारीबाग एवं ईटखोरी कमाण्ड क्षेत्र के रेशम कृषक शामिल थे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में सम्पूर्ण कमाण्ड क्षेत्र में लगभग 265000 रो०मु०च० का वितरण लगभग 12000 रेशम कृषकों के बीच वितरण करके लगभग साढ़े तीन करोड़ रेशम कोआ का उत्पादन किया गया। कायार्शाला में बतौर मुख्य अतिथि दीपक कुमार दुबे, उप-विकास आयुक्त गिरिडीह, अनन्त मिश्र, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला नजारत पदाधिकारी, गिरिडीह, सेवा निवृत संयुक्त उद्योग निदेशक, निरंजन तिर्की, उप सचिव, मनोज कुमार, राँची, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, गिरिडीह, सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), गिरिडीह, श्रवण कुमार, परियोजना पदाधिकारी, डुमरी, वैज्ञानिक सी०, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, शांताराम गिरि,ज्ञानेश कुमार एवं अन्य तकनीकी कर्मी उपस्थित हुए।

**धूमधाम** गाजे-बाजे के साथ लोकाय में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

# राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचकर हुई समाप्त



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** तिसरी प्रखंड के लोकाय में तीन दिवसीय राधा - कृष्ण और पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा लोकाय थाना के सामने स्थिति मंदिर से निकली जिसमें 501 महिलाओं व युवतियों ने माथे पर कलश लेकर गाजे - बाजे के साथ नयनपुर, लोकाय, डेलिया होते हुए घाघरा नदी के तट पर पहुंचे जहाँ माँ गंगे की आराधना करते हुए पंडितों द्वारा विधिवत पूजन व मंत्रोचारण के बाद कलशों में जल में भरा गया। जिसके बाद डेलिया गांव होते हुए यह कलश यात्रा वापस राधा - कृष्ण मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। जिसके पश्चात भंडारे का आयोजन कर प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस दौरान जय श्री राम, जय श्री कृष्ण, राधे-कृष्ण,जय हनुमान आदि भक्ति नारों से वातावरण विभोर हो उठा। बताया गया कि नवनिर्मित मंदिर में राधा - कृष्ण और पंचमुखी हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा में तीन दिनों तक रोजाना पूजा -अर्चना व संध्या बेला में महाराज प्रेम प्रकाश शास्त्री द्वारा प्रवचन व कथा का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावे तीन दिनों तक भंडारे का भी आयोजन किया जायेगा। मौके पर लोकाय थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार, जिप सदस्य प्रमिला देवी,भाजपा के चंदौरी मंडल अध्यक्ष रविंद्र पंडित, महामंत्री सुनील साव, मुखिया तालो हंसदा,पूजा कमिटी के अध्यक्ष भीम मंडल, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, सचिव संत कुमार, मनोज शर्मा, विकास मंडल,टिंकू मंडल, शुखदेव यादव,किसुन यादव, गोविंद साव, परमेश्वर मोदी,बालेश्वर मंडल, लक्ष्मी शंकर, धानु साव, परमेश्वर मंडल, पंसस प्रतिनिधि बासों टुडू सहित लोकाय पंचायत के समस्त कई ग्रामीण मौजूद थे। वहीं आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में निर्मित श्री राम मंदिर में रामलला के प्राण - प्रतिष्ठा को लेकर सिंघो पंचायत के महुआटांड से गाजे - बाजे के साथ कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकली गई। जहां विधिवत पूजा - अर्चना के बाद कलशों में जल भरकर वापस महुआटांड पहुंची। इस दौरान जय श्री राम के नारे गूंजते रहे। मौके पर ठाकुर राय, रामदेव राय, प्रदीप यादव, चन्द्रिका राय, बासदेव राय, लालजीत यादव, राजेश मुसहर समेत कई लोग उपस्थित थे।

